# ग्राम औढ़ेरा खुले में शौच से मुक्त

विकासखंड पाली जिला उमरिया के अंतर्गत ग्राम औढ़ेरा के कुल 389 परिवारों में 1198 लोग रहते हैं। ग्राम के लोग पूर्व में खुले में शौच के लिए जाते थे। एक दिन बैठक करके ग्रामवासियों, सरपंच, प्रस्फुटन समिति सदस्यों, बीएसडब्ल्यू छात्रों, स्वच्छ भारत मिशन के पदाधिकारी ने निर्णय लिया कि औढ़ेरा को ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम को खुले मे शौच से मुक्त ग्राम बनाना है। इस निर्णय के बाद यह कार्य अभियान के रूप में शुरू किया गया। तत्पश्चात गांव के प्रत्येक व्यक्ति को शौचालय की उपयोगिता की जानकारी दी गई, जिसमें चलचित्र प्रदर्शन के माध्यम से हिबरे बाजार महाराष्ट्र की सीडी दिखाकर प्रेरित किया गया तथा यह प्रक्रिया ग्राम में चार माह तक चली।

सभी घरों में शौचालय बनवाए गए एवं इसका उपयोग करने हेतु सभी को प्रेरित किया गया एवं समूहिक रूप से ग्रामवासियों ने यह निर्णय लिया कि जो परिवार शौचालय बनने के बाद खुले में शौच करने जाएगा उसके पकड़े जाने पर 500 रूपये अर्थ दंड लिया जाएगा एवं बताने वाले को 100 रूपये पुरूस्कार स्वरूप दिया जाएगा। इस प्रकार प्रातः चार बजे से ग्राम में बनाई गई महिला एवं पुरुषों की टोली प्रतिदिन भ्रमण करती रही। धीरे धीरे लोगों में जागरूकता आयी और सभी ग्रामवासियों द्वारा खुले में शौच करना बंद कर दिया है।

इसके सत्यापन के लिए ग्राम पंचायत औढ़ेरा द्वारा जनपद एवं जिला पंचायत उमरिया को की गई गतिविधियों से अवगत कराया एवं इसका सत्यापन कराया गया है। ग्राम औढ़ेरा को खुले मे शौच से मुक्त ग्राम घोषित किए जाने हेतु ग्राम पंचायत द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें शहडोल सांसद श्री दलपत सिंह परस्ते, जिला पंचायत अध्यक्ष उमरिया सुश्री ज्ञानवती सिंह, विधायक सुश्री मीना सिंह, कमिश्नर शहडोल संभाग श्री डी पी अहिरवार, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अनुग्रह पी, एसडीएम पाली श्री मिलेन्द्र नागदवे, जनपद पंचायत सीईओ श्री गजेंद्र जैन एवं जन प्रतिनिधि, प्रस्फुटन समिति सदस्य, बीएसडब्ल्यू छात्र–छात्राएं, मेंटर्स उपस्थित थे। अतिथियों ने उपस्थित लोगों को संबोधित कर आस पास के और ग्रामों को इसी तरीके से एक आदर्श ग्राम स्थापित करने की अपेक्षा की।

